अमर उजाला

03.12.2018

आईआईटी बीएचयू में दूसरे दिन 46.26 लाख का पैकेज

144 को मिली नौकरी, आर्यभट्ट हॉस्टल में 31 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने किया साक्षात्कार

अमर उजाला ब्यूरो

वाराणसी। आईआईटी बीएचयू में चल रही कैंपस प्लेसमेंट के दूसरे दिन रविवार को सैमसंग, फ्लिपकार्ट, अमेजन, सिप्ला, सेल्सफोर्स आदि 31 कंपनियों में 144 छात्र-छात्राओं को नौकरी मिली। इस दौरान सबसे अधिक 46.26 लाख के पैकेज का ऑफर मिला। रविवार रात बारह बजे के बाद शुरू साक्षात्कार का परिणाम सोमवार को जारी किया जाएगा। आईआईटी में एक दिसंबर से शुरू कैंपस प्लेसमेंट को लेकर छात्र-छात्रा बहुत उत्साहित हैं। इसमें कुछ को तो पहले ही प्री प्लेसमेंट आफर मिल चुका है जबकि अन्य छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार चल रहा है। आर्यभट्ट छात्रावास बने ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल में चल रही प्रक्रिया में अलग-अलग कमरों में कपंनियों के प्रतिनिधि अपनी जरूरत के हिसाब से छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार कर रहे हैं। पहले दिन 165 छात्र-छात्राओं का चयन होने के बाद दूसरे दिन सिटी बंगलोर, सैमसंग बंगलोर, पेटीएम, सैप लैब्स, एक्यूआर कैपिटल, हेडआउट, मंत्रा, जेपीएमसी टेक, ओरेकल, सेल्सफोर्स आदि कंपनियों के प्रतिनिधियों ने चयन किया। प्लेसमेंट सेल के प्रोफेसर इंचार्ज की ओर से जारी परिणाम के अनुसार दूसरे दिन 15.25 लाख से लेकर सर्वाधिक 46.26 लाख तक का पैकेज मिला। दो चरणों में हो रहे प्लेसमेंट में पहला चरण सुबह 8 बजे से शाम तीन बजे तक और दूसरा चरण शाम 5 बजे से रात 12 बजे तक चल रहा है। प्लसेमेंट के लिए इस बार 1151 छात्रों ने पंजीकरण कराया है।